>

Title: Need to confer Bharat Ratna on Mirza Ghalib and Mohammad Rafi.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): सभापति महोदय, आपने मुझे अति महत्व के पृश्न पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका अति आभारी हूं। आज टेलीविजन में, समाचार पत्रों में बड़ी पृमुखता से भारत रत्न पुरस्कार देने की बात आई है। इस पर बहुत दिनों से राजनीति हो रही है। सर, हाउस आर्डर में नहीं है।

MR. CHAIRMAN : हाउस आर्डर में नहीं है, मैं खुद महसूस कर रहा हूं। Shri Jagdambika Palji and Shri Puniaji, please go to your respective seats. Let the House be in order. We must maintain decorum in the House.

श्री शैलेन्द्र कुमार : मैंने पहले भी जीरो-आवर में यह मामला उठाया था कि सचिन जी इस सदन के सम्मानित सदस्य नहीं हैं लेकिन उनके नाम पर बड़ी राजनीति हो रही है। उन्हें राज्य सभा में लाने की कोशिश हो रही है। कभी कहते हैं कि उन्हें भारत रत्न दिया जाए। इस बात को मैंने पहले भी सदन में उठाया था। हमारे स्वर्गीय मौहम्मद रफी जी, जो स्वरों के भगवान थे, उन्हें भारत रत्न देने की बात मैंने पहले भी उठाई थी। मैंने लिखकर भी दिया है कि मिर्जा गालिब जो केवल हिंदुस्तान के ही नहीं बल्कि विश्व के बड़े अच्छे शायरों में रहे हैं। मौहम्मद रफी साहब जिनका गायकी और फनकारी में कोई मुकाबला नहीं था, ऐसे लोगों को भारत रत्न पुरस्कार दिया जाए ताकि इस देश का भी सम्मान बढ़े और हमारे मुस्लिम भाईयों को भी एक मैसेज जाए, यह मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं।

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): मैं अपने आपको माननीय सांसद श्री शैलेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय से सम्बद्ध करता हूं।